Regarding establishment of AIIMS at Prayagraj

श्री प्रवीण पटेल **(**फूलपुर**) :** अधिष्ठाता महोदया, आपको धन्यवाद कि आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया ।

महोदया, सबसे पहले तो हम प्रयागराज के फूलपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों के प्रति बहुत आभार प्रकट करना चाहेंगे । उनके आशीर्वाद से मुझे यहां पर अपनी बातों को रखने का अवसर मिल रहा है । जैसा कि आप जानती हैं, प्रयागराज को ?तीर्थों का राजा? कहा जाता है । प्रयागराज में गंगा-यमुना-सरस्वती का संगम है । आने वाले समय में वहां कुम्भ मेला लगने वाला है । वर्ष 2019 के पिछले कुम्भ को केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने बहुत ही अच्छे ढंग से सम्पन्न कराने का कार्य किया । प्रयागराज के आस-पास कौशाम्बी, प्रतापगढ़, रायबरेली से लेकर बांदा, चित्रकूट, मिर्ज़ापुर, जौनपुर, मछलीशहर इत्यादि बहुत-से ऐसे बड़े क्षेत्र हैं और विगत कई वर्षों से प्रयागराज में एक एम्स की जरूरत महसूस हो रही है ।

माननीय अधिष्ठाता महोदया, मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि प्रयागराज में अगर एम्स की स्थापना हो जाएगी तो उसके अगल-बगल के जिलों में और यहां तक कि मध्य प्रदेश के जिलों के लोगों को भी चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी ।

महोदया, हम आपसे यही मांग करना चाहते हैं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।